हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 1 जून 2024

तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 32.0 डिग्री

11 शहर व ग्रामीण क्षेत्र में खुलेआम बिक रहा प्रतिबंधित जर्दा गुटखा

12 समर कैंप से बच्चों की छुपी प्रतिभा निखरी

Pragati College
Central Avenue, Choubey Colony, Raipur (C.G.)
Ph. : +91-771-2255911/22, Fax : +91-771-2255933
ADMISSIONS OPEN
STRONG CAREERS RISE FROM A STRONG INSTITUTION
Commerce > B.Com, M.Com. 9294603003
Computers > B.C.A., B.Sc. (C.S.), P.G.D.C.A. 9294603013
Communication > B.A.(J.M.C.), P.G.D.J. 9294603033
Education > D.El.Ed., B.Ed., M.Ed. 9294603025
Management > B.B.A. 9294603003
info@pragaticollege.com www.pragaticollege.com

अवैध कॉलोनी निर्माण एवं प्लाटिंग करने वालों पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद 12 रजिस्ट्री पर लगी रोक, न्यायालीय जांच प्रारंभ

नगर पंचायत सिमगा में काफी लंबे अरसे से राजनीतिक एवं प्रशासनिक संरक्षण के चलते अवैध कालोनियों का निर्माण एवं प्लाटिंग कर रजिस्ट्री करने का खेल चल रहा है। इसका फायदा उठाते हुए भू माफियाओं ने अपनी नजर सिमगा पर गड़ा रखी है, जहां नियमों को ताक में रखकर नगर निवेश से बिना परमिशन और न रेरा के कोई मापदण्ड के धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग कर रजिस्ट्री एवं भूमि व्यपवर्तन, डायवर्सन बेधड़क कर रहे हैं। उक्त मामले पर संज्ञान लेते हुए राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने अवैध कॉलोनी निर्माण एवं प्लाटिंग की रजिस्ट्री पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया था। वहीं मंत्री के आदेश का पालन नहीं होने बाबत संबंधित समाचार का प्रकाशन हरिभूमि में होने के बाद राजस्व विभाग द्वारा 12 रजिस्ट्रियों पर रोक लगाते हुए न्यायालय स्तर पर जांच प्रारंभ कर दी गई है।

विक्रेता एवं क्रेताओं को नोटिस : तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा ने बताया कि नगर पंचायत सिमगा सहित तहसील में भूखंडों के छोटे-छोटे टुकड़े कर बेचने वालों पर लगाम लगाने एवं अवैध प्लाटिंग को रोकने के साथ ही एक खसरे के कई टुकड़ों में हुई रजिस्ट्रियों के नामांतरण पर उनके द्वारा रोक लगाते हुए ऐसे विक्रेता एवं क्रेताओं को नोटिस देकर उनके खिलाफ जांच प्रारंभ कर दी है। तहसीलदार मिश्रा ने बताया कि नगर पंचायत सिमगा के खसरा नंबर 1246, 1011, 1244, 15008 ▶▶ शेष पेज 11 पर

की जा रही थी नियमों की अनदेखी

बताते चलें कि नगर पंचायत क्षेत्र के एक भी कालोनी में कालोनाइजर एक्ट का पालन नहीं हो रहा है, यहां तक कि किसी भी कालोनी निर्माण के लिए नगर पंचायत में इसका पंजीयन भी नहीं है, बावजूद इसके पीआईसी की बैठक में प्रस्ताव पारित कर कुछ कालोनियों में शासकीय राशि से सीसी रोड व नाली निर्माण नगर पंचायत द्वारा कर दिया गया है। यदि उक्त अवैध प्लाटिंग एवं निर्माण कार्यों की बारिकी से अवलोकन किया जाए तो बड़े चौंकाने वाले तथ्य सामने आएंगे।

मंत्री के निर्देश के बाद भी प्रशासन नहीं कर रहा कार्रवाई
नपं में अवैध कॉलोनी निर्माण एवं प्लाटिंग का कारोबार
हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा
नगर पंचायत में लंबे समय से अवैध कालोनियों का निर्माण फल फूल रहा है। विदित हो कि प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने संयुक्त जिला कार्यालय बलौदाबाजार में विभागीय कामकाज की समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने जिले में चल रहे अवैध कॉलोनी निर्माण एवं प्लाटिंग की रजिस्ट्री पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश तत्कालीन कलेक्टर चंदन कुमार को दिए थे। साथ ही सहायक संचालक नगर तथा ग्राम निवेश बलौदाबाजार के अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने संबंधित निर्देश का पालन नहीं करते हुए राजस्व विभाग सिमगा, उपपंजीयक विभाग सिमगा एवं नगर पंचायत ...

दोषियों पर होगी कार्रवाई

मुझे भी इस मामले की जानकारी मिली है। अधिकारियों की बैठक लेकर वस्तु स्थिति की जानकारी लूंगा। गड़बड़ी मिलने पर दोषियों को बक्शा नहीं जाएगा।

– इन्द्र साव, विधायक, भाटापारा

खबर संक्षेप

उमिया मार्केट बिरगांव में लगी आग

रायपुर। बिरगांव निगम सीमा में भीम सरिया सिएस्टो सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड उमिया मार्केट में लकड़ी के बड़े-बड़े गोले में भीषण आग लग गई। कंपनी के पीछे दुर्गानगर वार्ड-35 की बहुत घनी आबादी है। सूचना मिलने पर बिरगांव निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने दमकल विभाग, उद्योगों के अग्निशमन वाहनों को सूचना देकर बुलवाया। साथ ही निगम के टैंकरों व जेटिंग मशीन से आग बुझाने के लिए प्रयास किया। वहीं दमकल कर्मियों व अधिकारियों द्वारा तपती धूप में भीषण आग पर काबू पाने की गई जद्दोजहद काम आई। इस दौरान मौके पर रायपुर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, एडीएम, एसडीएम, तहसीलदार व नगर सेना के अधिकारी भी मौजूद रहे।

फार्म हाउस से मोटर पंप वायर चोरी, दो गिरफ्तार

रायपुर। मंदिर हसौद पुलिस ने फार्म हाउस से मोटर पंप तथा वायर चोरी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पिपरहट्टा निवासी नरसिंह राठौर की शिकायत पर अनिल भारती, ताराचंद बांधे को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। नरसिंह ने बुधवार को चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी।

दो तस्कर गिरफ्तार 10 किलो गांजा जब्त

रायपुर। गंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उत्तरप्रदेश, मोहबा के रहने वाले दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक लाख रुपए कीमत का 10 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने दोनों तस्करों को रेलवे स्टेशन के गेट नंबर-2 के पास से गिरफ्तार किया है। गांजा तस्करी करने के आरोप में मनीराम कुशवाहा, त्रिनोद कुशवाहा को गिरफ्तार किया है। दोनों युवक ओडिशा से गांजा तस्करी कर उत्तरप्रदेश ले जाने की फिराक में थे।

कंप्यूटर सिस्टम में गड़बड़ी कर 26 लाख पार

रायपुर। सिविल लाइंस थाने में एक कंपनी के डायरेक्टर ने अपने यहां काम करने वाले मैनेजर के खिलाफ कंप्यूटर सिस्टम में गड़बड़ी कर 20 लाख रुपए से ज्यादा के डायमंड तथा छह लाख रुपए नकदी अमानत में खयानत करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राधाकिशन वेंचर्स के डायरेक्टर तथ्य भाटिया ने आकाश सोनी के खिलाफ अमानत में खयानत करने की शिकायत दर्ज कराई है। तथ्य ने पुलिस को बताया कि उनके यहां काम करने वाले आकाश की गड़बड़ी की जानकारी स्टाक मिलान करने के साथ ऑडिट करने के दौरान मिली।

अरंड रेलवे स्टेशन के पास मिली लाश

महासमुंद। खल्लारी थाना क्षेत्र के अरंड रेलवे स्टेशन 62/8 से 62/7 के बीच अज्ञात युवक की लाश मिली है। पुलिस ने बताया कि 29 मई को रात करीब 11 बजे अरंड रेलवे स्टेशन 62/8 से 62/7 के बीच अज्ञात युवक की लाश मिली। मृतक की उम्र करीब 23 से 30 वर्ष के बीच बताई जा रही है। घटना की सूचना भीमखोज निवासी गुमान राम ठाकुर ने पुलिस को दी, जिस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर कार्रवाई विवेचना में लिया है।

आक्रोश : पुलिस प्रशासन के खिलाफ फूटा आक्रोश, लगाये नारे

नहीं पकड़ाये तोड़फोड़ के आरोपी, विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

मंदिरों में असामाजिक तत्वों द्वारा भगवान की मूर्तियों और मंदिरों की तोड़फोड़ की घटनाओं के बारे में सुनकर दिल विचलित हो जाता है। बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने एसडीओपी भाटापारा को गत दिवस असामाजिक तत्वों के खिलाफ 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने की मांग की थी। इसके बावजूद, पुलिस अपने कार्य में देरी करते रही, जो की लगभग 1 सप्ताह बीत गए जिससे हिंदू समाज में असंतोष बढ़ गया। इसके परिणामस्वरूप, हिंदू संगठनों बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद, दुर्गा वाहिनी आदि लोगों ने भारी संख्या में शुक्रवार को ग्राम के तिगड्डा चौक में टायर जलाकर पुलिस प्रशासन हाय हाय, अपराधियों को गिरफ्तार करो, गिरफ्तार करो के नारे लगाकर विरोध प्रदर्शित किए। पुलिस थाना के सामने चक्काजाम कर तपती धूप जिसमे 45 से 50 डिग्री में रोड में बैठकर धरना प्रदर्शन किए खूब नारे बाजी भी की। युवाओं ने हनुमान चालीसा पाठ किए, भजन भी गाए। धरना प्रदर्शन के दौरान, लोगों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ आपत्तिजनक नारे लगाए और अपराधियों के गिरफ्तार करने की मांग की। यह घटना स्थानीय प्रशासन को सख्त कार्रवाई करने के लिए मजबूर करने के लिए एक संदेश है। मंदिरों और धार्मिक स्थलों को असुरक्षित करने वाले अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करना महत्वपूर्ण है। इसके बिना, समाज में असुरक्षा की भावना बढ़ सकती है, जो सामाजिक समृद्धि और एकता को प्रभावित कर सकता है। ▶▶ शेष पेज 11 पर

चार गांवों के मंदिरों में की है तोड़फोड़

विदित हो कि गत दिवस सुहेला थानांतर्गत लोहारी और शिकारी केसली ग्राम में और हथबंध थाना के भावरगढ़ और गोरदी के गांवों के मंदिरों में असामाजिक तत्वों द्वारा भगवान की मूर्ति एवं मंदिरों में भारी तोड़फोड़ की गई। मूर्तियों को फेंक दिया गया, यह एक सामाजिक समस्या है जो हमारे समाज को गंभीर रूप से प्रभावित करती है। इससे सिर्फ मंदिरों के धार्मिक महत्व को ही नहीं नुकसान पहुंचता है, बल्कि यह समाज के संरक्षण और एकात्मता को भी क्षति पहुंचाता है। हिंदू संगठनों ने इस अवस्था का संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की।

सामाजिक सुरक्षा और समृद्धि के लिए एक साथ काम करना होगा

विश्व हिंदू परिषद बलौदाबाजार के जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने बताया कि हथबंद और सुहेला थाना क्षेत्र के अंतर्गत 4 गांवों में हिंदू देवी देवताओं के मूर्तियों को तोड़ा गया था, जिसके परिपेक्ष्य में पिछले हफ्ते ज्ञापन दिया था। एफआईआर दर्ज हुई थी, लेकिन एक सप्ताह बीतने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई पुलिस प्रशासन द्वारा नहीं हुई थी, जिसके विरोध में शुक्रवार को समस्त सुहेला क्षेत्र के सनातनी हिंदू ग्रामीण विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने चक्काजाम किया। धरना प्रदर्शन किया और फिर पुलिस प्रशासन ने पुनः आश्वासन दिया है एक सप्ताह के अंदर लगभग अपराधियों के करीब पहुंच चुके हैं और एक सप्ताह के भीतर गिरफ्तारी हो जावेगी ठोस कार्रवाई की जावेगी। अगर गिरफ्तारी नहीं होती है तो ये प्रदेशव्यापी आंदोलन होगा।

मामला संवेदनशील है : एसडीएम

सिमगा एसडीएम अंसुल वर्मा ने बताया कि हिंदू परिषदके सदस्यों द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया, जो शांतिपूर्ण रूप ढंग से हुआ। पुलिस ने आश्वासन दिया गया है त्वरित कार्रवाई हो रही है। इस प्रक्रिया में जो भी आरोपी है खोजा जावेगा। कुछ असमाजिक तत्व समाज में है, जिनके द्वारा यह घटना घटित की गई, जैसे ही प्रशासन को पता चला पुलिस डिपार्टमेंट द्वारा एफआईआर दर्ज की गई, तब से जांच जारी है। मामला संवेदनशील है अभी से कुछ बोलना सही नहीं है जल्दी से जल्दी कार्रवाई की जा रही है।

धार्मिक स्थलों में असामाजिक तत्वों ने की थी तोड़फोड़

हथबंद। नगर के सुहेला थाना अंतर्गत ग्राम गोरदी, शिकारीकेसली, भंवरगढ़ एवं लोहारी में बीते दिनों धार्मिक स्थलों को असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ कर खंडित कर दिया गया। घटना हफ्ताभर होने के बावजूद पुलिस प्रशासन द्वारा उचित कार्रवाई नहीं होने से आक्रोश व्यापत लोगों ने सुहेला थाना के सामने मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। इसमें शिवसेना, बजरंग दल सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणजन सुहेला के मुख्य तिगड्डा चौक से नारेबाजी करते हुए थाना के सामने पहुंचे, जहां हनुमान चालीसा, रामभजन करते हुए 10 से 2 बजे तक चक्काजाम किया। विरोध प्रदर्शन के परिणामस्वरूप एसडीओपी एवं एसडीएम अंशुल वर्मा द्वारा हफ्ते भर में कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। शिवसेना जिलाध्यक्ष ईश्वर प्रसाद निषाद ने कहा कि प्रशासन द्वारा दिए आश्वासन एक हफ्ते में कार्रवाई नहीं होने पर

अवैध मांस की बिक्री दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



थाना सिमगा द्वारा मुखबिर से सूचना पर ग्राम गणेशपुर में पैठु तालाब के पास अवैध रूप से गौवंश का कटिंग कर गौवंश मांस बिक्री करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा। पकड़े गये युवकों में सुपेन्द्र मसीह पिता अरविंद मसीह 20 वर्ष साकिन गणेशपुर एवं भुपेन्द्र मसीह पिता अरविंद मसीह 25 वर्ष साकिन गणेशपुर थाना सिमगा शामिल हैं। वहीं आरोपियों से 12 किलो ग्राम गौवंश का मांस जब्त कर धारा 429, 34 भादवि छग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4, 5, 10 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। साथ ही प्रकरण में अन्य 2 आरोपी मौके से फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

75 हजार के गांजा के साथ दो गिरफ्तार

महासमुंद। सिंघोड़ा एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 30 मई 2024 को मुखबीर सूचना पर बस का इंतजार कर रहे दो व्यक्तियो कों एनएच 53 रोड ग्राम मुरमुरी चौक में घेराबंदी कर पकडा गया जिससे पूछताछ करने पर गोल मोल जवाब देने लगा। पुलिस ने जब बारीकी से की तब आरोपियों ने बैग में गांजा रखकर बौद्ध ओडिशा से छत्तीसगढ़ खपाने के लिए लाना बताए। दिलीप कुमार पिता उद्धव चरण थिड़िकाजोर थाना पुरना कटक जिला बौद्ध ओडिशा तथा धुरऊ साव पिता पितरू साव निवासी बारीकपाली थाना सांकरा जिला महासमुंद का निवासी होना बताया जिनके कब्जे के बैग की तलाशी लेने पर बैग अंदर खाखी रंग से टेपिंग किया हुआ कुल 5 किलोग्राम नमीयुक्त अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 75 हजार रुपए एवं एवं कीमत 11500 रुपए को जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना सिंघोड़ा मे एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानो के तहत कार्रवाई की गई।

प्राणघातक हमला करने वाले दो युवक गिरफ्तार, जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

ग्राम दर्रा में मारपीट कर प्राणाघात हमला करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 294, 323, 506, 307, 34 भादवि के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस ने बताया कि प्रार्थी विजय पटेल निवासी ग्राम दर्रा ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 20 मई की शाम 5 बजे पीड़ित गिरवर पटेल को आरोपी जवाहरलाल पिता वेदराम साहू 38 वर्ष और शत्रुघ्न उर्फ पिंकू साहू पिता राम चरित्र साहू 33 वर्ष ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से एवं सर के बाल जमीन में पटक-पटक कर मारपीट कर प्राणघातक चोंट पहुंचाया। पुलिस ने मामल दर्ज कर आरोपी जवाहरलाल साहू एवं शत्रुघ्न साहू उर्फ पिंकू को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजा है।

शराब की अवैध बिक्री करने वाला कोचिया गिरफ्तार

बलौदाबाजार। नगर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सभी प्रकार के नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान सृजन के तहत थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को थाना सिटी कोतवाली द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपी घनश्याम वर्मा पिता राम कुमार वर्मा 31 साल निवासी करमदा से गिरफ्तार किया। वहीं आरोपी से कुल 34 पौवा देशी मशाला शराब 6.140 बल्क लीटर एवं शराब बिक्री रकम 400 रुपए कुल कीमती 4140 रूपये को जब्त किया गया है। वहीं आरोपी के विरुद्ध आबाकरी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

मतगणना के लिए कलेक्टर ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

लोकसभा निर्वाचन मतगणना के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के साथ बैठक की। बैठक में एसपी पुष्कर शर्मा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी वासु जैन, डॉ. स्निग्धा तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिकेत साहू, एएसपी कमलेश्वर चंदेल उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर साहू ने निर्वाचन की पारदर्शिता और मतगणना की प्रक्रिया का अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मतगणना परिसर में प्रतिबंधित सामग्री बीड़ी, सिगरेट, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस आदि नहीं ले जाना है। सुरक्षा कर्मी निर्वाचन कार्यालय के परिसर गेट में ही जांच कर बाहर रखने के लिए कहेंगे। एसपी पुष्कर शर्मा ने बताया कि निर्वाचन परिसर को तीन लेयर में सुरक्षा प्रदान किया गया है। जिला मास्टर ट्रेनर चूड़ामणि गोस्वामी ने बताया कि मतगणना द्वारा ईव्हीएम मशीन की खराबी आने पर उसका निर्णय रिटर्निंग अधिकारी द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक में शामिल हुए एसडीओपी व एसडीएम को सौंपा 7 सूत्रीय ज्ञापन

प्रशासन की लचर व्यवस्था के खिलाफ एकजुट हुए पत्रकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

प्रशासनिक विभागों के लचर व गैर जिम्मेदाराना रवैय्या को लेकर पत्रकारों का गुस्सा अंततः फूट पड़ा। शहर के प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी पत्रकारों ने आवश्यक बैठक कर शहर की मूलभूत समस्याओं व शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर प्रशासन के ढूलमूल रवैय्या के विरुद्ध व्यवस्था सुधारने बैठक में विभिन्न निर्णय लिए।

बढ़ते सड़क हादसों पर हुई व्यापक चर्चा: शहर में यातायात व्यवस्थाओं को लेकर यातायात प्रभारी रितेश मिश्रा को अवगत कराया गया, जिस पर पालिका प्रशासन को सहयोग में लेकर यातायात व्यवस्था के अनेक पहलुओं पर कसावट लाये जाने की बात कही गई।

व्यवस्था नहीं सुधरी तो पत्रकार करेंगे धरना प्रदर्शन

उपस्थित सभी पत्रकारों द्वारा प्रशासनिक विडंबनाओं पर समय रहते नियंत्रण नहीं किये जाने पर एसडीएम कार्यालय भाटापारा के समक्ष धरना प्रदर्शन व आंदोलन जैसे उग्र कदम उठाये जाने का अल्टीमेंटम अधिकारियों को दिया गया। पत्रकारों द्वारा व्यवस्था सुधार के लिए एसपी और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

एसडीएम और एसडीओपी की उपस्थिति में हुई बैठक

स्थानीय विश्राम गृह में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष अरोरा व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नितिन तिवारी को पत्रकारों द्वारा हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपकर विभिन्न बिन्दुओं के अंतर्गत समस्याओं का निर्धारित समयावधि में निराकरण करने की मांग की गई, जिस पर अधिकारियों ने आचार संहिता के समाप्त होते ही सभी बिन्दुओं को अमल में लाये जाने की बात कही। 7 सूत्रीय जनहित के बिन्दुओं पर पत्रकारों और अधिकारियों के बीच विस्तृत चर्चा हुई।

हरिभूमि
पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

खबर संक्षेप

शहर में लूट और चेन स्नेचिंग के बढ़ते मामले चिंतनीय

रायपुर। लूट एवं चेन स्नेचिंग पर चिंता जाहिर करते हुए रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने कहा है कि पचपेड़ी नाका एवं फाफाडीह चौक जैसे बड़े चौराहों से इस प्रकार के आपराधिक तत्व ऑटो में सवार

होकर शहर की विभिन्न जगहों में ऐसी घटनाओं को अंजाम देते हैं, इसकी जानकारी पूर्व में भी विभाग के अधिकारियों को दी गई थी, किंतु अभी तक इस प्रकार की घटनाओं में शामिल आरोपी नहीं पकड़े गए हैं। कुछेक घटनाओं के पकड़े भी गए तो वहीं दूसरी घटना हो जाती है। यहां यह विचारणीय प्रश्न है कि लगातार हो रही घटनाओं के बावजूद भी इस पर किसी प्रकार की ठोस कार्यवाही न होने से असामाजिक तत्वों को बढ़ावा मिलता है। अतः जिला एवं पुलिस प्रशासन से अनुरोध है कि इस प्रकार की लगातार हो रही घटनाओं पर विशेष ध्यान देते हुए एक विशेष टीम का गठन करें और ऐसे तत्वों पर सख्त कार्रवाई करें।

सॉफ्टवेयर इंजीनियर के यहां लाखों की चोरी

रायपुर। गुढ़ियारी थाने में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने अज्ञात चोर के खिलाफ पांच तोला सोना तथा एक किलो चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक गुढ़ियारी निवासी योगेश डागा ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। योगेश ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर ने छत के रास्ते मकान के अंदर प्रवेश किया और कमरे के दरवाजे का ताला तोड़कर कमरे में आलमारी तथा लॉकर का ताला तोड़कर उसमें रखे जेवरों पर हाथ साफ कर दिया।

लाइन लगने के विवाद पर जानलेवा हमला

रायपुर। विधानसभा थाना क्षेत्र की अंग्रेजी शराब दुकान में शराब खरीदने लाइन लगने के विवाद पर दो लोगों पर जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने एक नाबालिग सहित पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक संजय डांडे की शिकायत पर खिलेश्वर उर्फ दद्दू यादव, घनश्याम सोनी, ओम वर्मा, नर्मदा प्रसाद वर्मन तथा एक नाबालिग को पकड़ा है। बदमाशों ने संजय पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर गंभीर रूप से घायल किया था। बीचबचाव करने आए एक अन्य युवक पर भी बदमाशों ने चाकू से हमला किया।

एक्सप्रेस वे तेलीबांधा में पौधारोपण

रायपुर। राजधानी के तेलीबांधा स्थित एक्सप्रेस वे पौधारोपण सहित सौंदर्यीकरण कार्य जल्द शुरू होगा। इसके लिए सीएसआर मद से हीरा ग्रुप से कार्य कराने निगम आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिये। एक्सप्रेस वे तेलीबाँधा के अलावा शंकर नगर, देवेन्द्र नगर, पंडरी क्षेत्र का निरीक्षण निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने हीरा ग्रुप के एम डी दिनेश अग्रवाल, नगर निगम अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा,जोन 3 के जोन कमिश्नर प्रीति सिंह, कार्यपालन अभियंता प्रदीप यादव के साथ किया।

समय पर बिजली की खराबी ठीक न करने वाले अधिकारियों पर गिरेजी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बिजली आपूर्ति में बाधा की शिकायतों को देखते हुए ऊर्जा सचिव पी. दयानंद ने ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अधिकारियों को तलब किया और जिन स्थानों पर आपूर्ति बहाली में निर्धारित से अधिक या गैरवाजिब समय लग रहा है, वहां के जिम्मेदार अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अध्यक्ष पी. दयानंद ने बैठक में विस्तार से इन समस्याओं का कारण पूछा, तो अधिकारियों ने बताया कि विगत पांच वर्षों में विद्युत उपकेन्द्र तथा लाइनों की स्थापना जैसे अधोसंरचना के विकास के कार्यों में बहुत रुकावट आई थी। अनेक कारणों से विद्युत विकास कार्यों में प्रगति नहीं हो पाई, जिसका विपरीत असर वर्तमान समय में दिखाई पड़ रहा है। गर्मी के कारण जहां सर्वाधिक मांग दर्ज की जा रही है, उसके अनुरूप आपूर्ति की व्यवस्था की जा रही है, लेकिन जिन स्थानों पर कार्य स्वीकृत है, टेंडर हो चुके हैंष बजट की समस्या नहीं है, वहां भी उचित मानीटरिंग नहीं होने के कारण वांछित प्रगति नहीं हो पाई है।

श्री दयानंद ने इन परिस्थितियों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ही ऐसे कार्यों की सूची तलब की है। जशपुर जिले में 15 विद्युत उपकेन्द्र स्वीकृत होने के बावजूद वहां कार्य पूर्ण नहीं होने पर उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया।

ऊर्जा सचिव पी. दयानंद ने जताई नाराजगी, अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश



वर्तमान समय में मौसम के कारण आ रही हैं दिक्कतें

बैठक में बताया गया, यदि ये कार्य समय पर हो गए होते, तो मौसम के कारण वर्तमान समय में जो दिक्कतें आ रही हैं, उनका समाधान हो गया होता। उन्होंने विद्युत आपूर्ति में बाधा और लंबे समय तक आपूर्ति बहाल नहीं होने वाले प्रकरणों की सूची भी तलब की है, ताकि जिम्मेदारी का निर्धारण किया जा सके। मांढर जिला रायपुर, मनेन्द्रगढ़, भाटापारा, कोपरा, भानुप्रतापपुर, रायगढ़, जगदलपुर, बिलासपुर आदि स्थानों से आई जानकारी के आधार पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बैठक में प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने अनेक स्थानों पर पारेषण तथा वितरण तंत्र की मजबूती के लिए हुई अच्छी प्रगति की जानकारी भी दी तथा बताया, आचार संहिता के कारण भी बहुत से कार्य प्रभावित हुए हैं जिन्हें आचार संहिता समाप्त होते ही तेजी से पूर्ण किया जाएगा। बैठक में भीम सिंह कंवर, कार्यपालक निदेशक (वितरण), राजेन्द्र प्रसाद, कार्यपालक निदेशक(वितरण-परियोजना), संजय पटेल, कार्यपालक निदेशक (पारेषण-परियोजना) उपस्थित थे।

भोमिया जी व मां पद्मावती महापूजन आज, अनुष्ठान की तैयारियां जोरों पर

रायपुर। विमलनाथ जैन श्वेताबर मंदिर ट्रस्ट द्वारा 1 जून को भोमियाजी महापूजन और 2 जून को मां पद्मावती देवी का महापूजन विधि-विधान से किया जायेगा। मंदिर की रजत जयंती के अवसर पर इस आयोजन को करने में 108 लोगों की सहभागिता है। दो दिवसीय अनुष्ठान कराने महेंद्र सागरजी महाराज के शिष्य मनीषी

उपाध्याय, मनीष सागर महाराज के शिष्य मुनिराज और विवेक सागर महाराज विशेष रूप से शामिल होंगे। इन अनुष्ठानों के मार्गदर्शक सिरोही, राजस्थान निवासी मनोजकुमार बाबूमल हरण होंगे। विमलनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर ट्रस्ट के विनोद सोनीगरा व अरुण बरलोटा ने बताया, ये दोनों ही महानुष्ठान नाकोड़ा भैरव सोसाइटी के विमलनाथ मंदिर परिसर स्थित हीरसूरी भवन में होंगे। इसकी जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। विवेक सागर महाराज की प्रवचन सभा व सेमिनार 'कॅरियर विथ केरेक्टर' 3 जून को नाकोड़ा भैरव सोसाइटी की करुणा सिंगी, हर्षिता टाटिया, सूरज झाबक ने बताया कि आयोजन के तीसरे दिन 3 जून को प्रातः 8.45 से मुनिराज विवेक सागर महाराज की प्रवचन सभा होगी। प्रवचन के बाद विशिष्ट अतिथि अमन जैन द्वारा कॅरियर विथ कैरेक्टर विषय पर उद्बोधन होगा।

शिकायत के बाद भी निगम प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

डीडी नगर रहवासी कालोनी में बिना पार्किंग के बन रहे व्यावसायिक परिसर

हाउसिंग बोर्ड का व्यावसायिक परिसर निगम के हवाले रहवासियों ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर रहवासी कालोनी में बिना पार्किंग के बने व्यावसायिक परिसर से रहवासी परेशान हैं। हाउसिंग बोर्ड द्वारा बनाई गई यह रहवासी कालोनी नगर निगम को हैंडओवर हुई, पर परिसर में पार्किंग की सुविधा नहीं होने के बाद इसे पूरी तरह व्यावसायिक परिसर करने को लेकर रहवासी खासे नाराज हैं। डीडी नगर निवासी देवेन्द्र गुप्ता, अक्षय दीवान, प्रकाश यादव का कहना है कि इसकी मौखिक शिकायत वार्ड पार्षद और निगम प्रशासन से की है, पर अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया।

दरअसल, डीडीनगर के कंचनगंगा अश्व परिसर के सामने छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल का एक व्यावसायिक परिसर है। इसमें कुछ दुकानें और ऊपर क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय है। यह डीडीनगर वासियों के लिए एक छोटा सरकारी बनाया हुआ बाजार है। इस परिसर के लिए पार्किंग बनाई गई है, पर इसमें 12 महीना पानी भरा रहता है। इस कारण लोग इसका उपयोग नहीं कर पा रहे और आने-जाने वाले सड़क पर ही अपनी गाड़ियां पार्क कर देते हैं। इसके कारण आए दिन ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। यही नहीं, कई बार जाम लगने से डीडी नगर गार्डन, सेंट्रल स्कूल, लिटिल फ्लावर स्कूल, बंजारी नगर, एनआईटी और साइंस कालेज जाने वालों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सूत्रों के मुताबिक अब पासपोर्ट कार्यालय के सामने नया व्यावसायिक परिसर बन रहा है। 4 मंजिला परिसर में दर्जनों दुकानें निकाली जा रही हैं, पर अचंभा की बात ये है कि परिसर में पार्किंग की सुविधा नहीं दी गई। इसी तरह कई इलाकों में दुकानें बना दी गई हैं। गोलचौक पर भी जाम के हालात हैं। यहां सड़क पर वाहन खड़े होने की वजह से आवाजाही मुश्किल हो रही है।

बिना पार्किंग के हाउसिंग बोर्ड के मकान को पूरी तरह व्यावसायिक करने को लेकर रहवासी नाराज हैं। उनका ये भी कहना है, यदि इस ओर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले दिनों में समस्या और बढ़ेगी।

छत्तीसगढ़ को देश में सुपरफूड का केंद्र बनाने, फसल चक्र, जैविक खेती तथा तकनीकी पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन-2047 डॉक्यूमेंट तैयार करने कृषि एवं वानिकी विषय पर गठित वर्किंग समिति की बैठक राज्य नीति आयोग के सभाकक्ष में गुरुवार को हुई। कृषि एवं वानिकी से संबंधित लक्ष्य, चुनौतियां एवं सामर्थ्य विषय पर विस्तार से चर्चा की गई तथा वर्किंग समिति के सदस्यों द्वारा सुझाव दिए गए। उल्लेखनीय है कि विजन डाक्यूमेंट तैयार करने का उत्तरदायित्व राज्य नीति आयोग को सौंपा गया है। सितंबर तक विजन डॉक्यूमेंट का अंतिम रिपोर्ट तैयार करने अलग-अलग विषयों पर आठ वर्किंग ग्रुप बनाए गए हैं।

छत्तीसगढ़ को भारत में सुपरफूड का केंद्र बनाने, छत्तीसगढ़ को प्रसंस्कृत सुपरफूड का पॉवर हाउस बनाने, वानिकी उत्पादों के साथ मजबूत ब्रांड का निर्माण करने, खाद्य प्रसंस्करण तकनीकों का कार्यान्वयन, कौशल उन्नयन और बुनियादी ढांचे में निवेश, फसलों का पैदावार बढ़ाने पर जोर दिया गया। वहीं मूल्य वर्धित उत्पादों के उत्पादन के लिए बागवानी पर ध्यान केंद्रित करने, कृषि सेवा केंद्र को बढ़ाने, किसानों के लिए पर्याप्त ऋण सुविधा उपलब्ध कराने पर चर्चा हुई। मृदा जांच तथा छत्तीसगढ़ को जड़ी-बूटी और वनोपज के केंद्र के रूप में विकसित करने, वनोपज व्यापार केंद्र बनाने, भंडारण प्रसंस्करण और परिवहन के लिए बुनियादी ढांचा बनाने, किसानों को सक्षम बनाने राज्य सरकार द्वारा की जा रही पहल, लघु वन उपजों की मजबूती, जल और सिंचाई की पर्याप्त उपलब्धता सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

कृषि भूमि के बेहतर उपयोग अन्य विषयों पर चर्चा

राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष अजय सिंह, सदस्य सचिव अनूप श्रीवास्तव एवं सदस्य के. सुब्रमण्यम ने विभागों द्वारा बनाए गए लघु, मध्यम एवं दीर्घकालीन विजन एवं रणनीतियों के निर्धारण के लिए अपने सुझाव दिए। अजय सिंह ने कृषि भूमि के बेहतर उपयोग एवं बहुफसल प्रथाओं को बढ़ाने की क्षमता, प्रति कृषि परिवार की औसत मासिक आय में बढ़ोतरी, किसानों के लिए बेहतर ऋण की सुविधा, उन्नत तकनीकी की आवश्यकता उत्पादकता एवं क्षमता बढ़ाने के लिए सटीक खेती जैसे विषयों को डाक्यूमेंट में शामिल करने की बात कही।

सोने से पहले चांदी बन जाएगी लखपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सोने और चांदी की कीमत ने एक साथ कीमत में दौड़ लगाने का काम प्रारंभ किया था। काफी समय तक दोनों की कीमत आस-पास रही, लेकिन लगता है कि अब चांदी कभी भी लखपति बन जाएगी और सोने को लखपति बनने में समय लगेगा।

चांदी की कीमत लगातार नया इतिहास लिख रही है। इसके पीछे का सबसे बड़ा कारण यह है कि चांदी की सबसे ज्यादा खरीदारी करने का काम इस समय चीन कर रहा है। इसी के साथ भारत में सौर ऊर्जा के लिए सोलर पैनल भी बनाने का काम ज्यादा हो गया है। इसमें भी चांदी का उपयोग होता है। केंद्र सरकार ने एक करोड़ परिवारों के घरों की छत पर सोलर पैनल से बिजली उत्पादन का लक्ष्य तय किया है। इसी के साथ देश में बिजली की कमी को देखते हुए सौर्य ऊर्जा से बिजली बनाने के नए-नए बड़े संयंत्र भी लगाए जा रहे हैं। प्रदेश के राजनांदगांव में भी इस साल सौ मेगावाट का एक बड़ा संयंत्र लगा है। इससे छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को बिजली भी मिल रही है। सराफा कारोबारियों के मुताबिक चांदी का 60 फीसदी उपयोग तो मोबाइल समेत अन्य उपकरणों और चांदी के बर्तन बनाने में होता है देश के साथ अपने प्रदेश में चांदी की कीमत लगातार बढ़ रही है। बीते दो माह से इसकी कीमत में ज्यादा ही इजाफा हुआ था। अप्रैल से पहले चांदी की कीमत 80 हजार से कम थी, लेकिन अब दो माह में कीमत एक लाख के करीब हो गई है। मई में पहले एक बार कीमत कीमत 97 हजार के पार हो गई थी, लेकिन इसके बाद कीमत में कुछ कमी होने से कीमत 93 हजार के करीब आई गई, लेकिन अब वापस कीमत फिर से 97 हजार के पार हो गई है। आने वाले माह में इसकी कीमत के एक लाख तक जाने की पूरी संभावना है।

प्रतीक्षालय में सो रहे युवक पर चढ़ा दी कार, उपचार के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में रोडरेज का मामला सामने आया है। एक कार चालक ने लापरवाही से कार चलाते हुए प्रतीक्षालय में घुसा दी, जहां सो रहा एक युवक कार की चपेट में आ गया। घायल युवक ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक दुर्ग का रहने वाला था। घटना सोमवार-मंगलवार दरमियानी रात की है।

पुलिस के अनुसार कार की चपेट में आने से दुर्ग सिंधी कालोनी निवासी रवि खेतपाल की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार घटना दिनांक को मैग्नेटो मॉल के पास बने प्रतीक्षालय में रवि सो रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार कार सीजी-04 पीएन-3215 के चालक ने लापरवाही से कार चलाते हुए शेड से बने प्रतीक्षालय में घुसा दी। घटना के समय रवि प्रतीक्षालय में सो रहा था। कार की चपेट में

आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी बुधवार को अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

नशे में धुत होने की आशंका

घटना के पुलिस ने जो सीसीटीवी फूटेज बरामद किए हैं, उसमें कार चालक के नशे में धुत होने की पुलिस को आशंका है। इसकी वजह कार काफी ज्यादा रफ्तार होने के साथ लहराकर चल रही है। गौरतलब है कि वीआईपी मार्ग पर कई बड़े होटल तथा क्लब संचालित हैं, जहां देर रात तक शराबखोरी होती है, इसके चलते आए दिन इस क्षेत्र में एक्सीडेंट की घटनाएं सामने आती रहती हैं।

कुलसचिव को हटाने की मांग, निजी यूनिवर्सिटी के खिलाफ भी प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गुरुवार को प्रदेश के दो विश्वविद्यालयों में दो छात्र संगठनों ने अपना विरोध दर्ज करवाया। आचार संहिता लागू होने के कारण छात्रों ने व्यापक पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करने स्थान पर शांतिपूर्वक ज्ञापन सौंपते हुए अपनी समस्याएं गिनवाईं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पं.रविशंकर शुक्ल विवि के कुलसचिव की डिग्री और नौकरी पर सवाल उठाते हुए उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात कर छात्रों ने उन्हें पद से हटाने की मांग की।

इधर, एनएसयूआई ने अंजनेय यूनिवर्सिटी पर आरोप लगाया है कि विवि प्रबंधन द्वारा शुल्क ना चुकाए जाने पर छात्रों को परीक्षा में ना बैठने देने की धमकी दी गई है। छात्रों के विरोध के बाद सभी को परीक्षा में बैठने की अनुमति देने की बात

अंजनेय विवि प्रबंधन द्वारा कही गई, लेकिन फीस पूर्ण रूप से नहीं भरे जाने तक अंकसूची छात्रों को नहीं दी जाएगी। नरदहा स्थित अंजनेय यूनिवर्सिटी में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने आगामी ट्यूशन फीस जमा नहीं करने पर छात्र-छात्राओं को परीक्षा से वंचित करने को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद छात्रों ने विश्वविद्यालय के कुलपति को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन मे प्रभारी महामंत्री हेमंत पाल, मोनू तिवारी, तारिक खान, विशाल मानिकपुरी, पुनेश्वर लहरे, गावेश साहू, रजत ठाकुर सहित अन्य मौजूद रहे।

फर्जी तरीके से हासिल की डिग्री और नौकरी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने रविवि के कुलसचिव पर फर्जी तरीके से डिग्री और नौकरी करने का आरोप लगाया है। उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात कर छात्रों ने उन्हें पद से हटाने की मांग की है। एबीवीपी का कहना है, कुलसचिव की योग्यता और अनुभव से संबंधित दस्तावेज चौथी बार जांच में फर्जी पाए गए हैं। प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा, रायपुर महानगर मंत्री प्रथम राव फुटाने सहित अन्वित दीक्षित, सुजल गुप्ता, योगेश साहू, निखिल तिवारी, अक्षत गोस्वामी व अन्य छात्र इस दौरान मौजूद रहे।

बगैर लाइसेंस, परमिट के चल रहे ऑटो के खिलाफ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ट्रैफिक पुलिस ने नियमों की अनदेखी कर बगैर ड्राइविंग लाइसेंस तथा बगैर परमिट के चल रहे 43 ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके ऑटो जब्त कर जुर्माना राशि वसूल की है। पुलिस के मुताबिक जिन ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई, उनमें 13 ऑटो चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था। इसी तरह से 21 ऑटो चालकों के पास ऑटो चलाने परमिट नहीं था। इसके साथ ही 10 अन्य ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

गड्ढा पाट रहे मजदूर के साथ मारपीट

रायपुर। गंज थाने में एक वृद्ध ने अपने पड़ोसी तथा उसके बेटे के खिलाफ मजदूर के साथ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक देवेंद्र नगर सेक्टर-3 निवासी चंद्रकांत टांक ने नीलेश आनंदपरा तथा उसका बेटा पार्थ के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। चंद्रकांत ने पुलिस को बताया कि उनके कांप्लेक्स के सामने रोड में गड्ढा हो गया था, जिसे वह मजदूर बुलवाकर भरवा रहा था। इस बात से नाराज होकर निलेश तथा उसके बेटे द्वारा मजदूर के साथ मारपीट करने तथा बीचबचाव करने पर अपने साथ भी मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

चैंबर के पदाधिकारियों ने मंत्री ओपी चौधरी से की मुलाकात

रायपुर। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों ने गुरुवार को वित्त, वाणिज्यिक कर, आवास एवं पर्यावरण, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री ओपी चौधरी से उनके बंगले पहुंचकर मुलाकात की। साथ ही विकसित भारत की तर्ज पर विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए नए विजन को लेकर दक्षिण मध्य एशिया के सबसे बड़े होलसेल कॉरिडोर की परिकल्पना से मंत्री को अवगत कराया। नवा रायपुर अटल नगर में प्रस्तावित दक्षिण मध्य एशिया के सबसे बड़े होलसेल कॉरिडोर की परिकल्पना को मूर्त रूप प्रदान करने मंत्री ओपी चैधरी को ज्ञापन सौंप इस महती योजना के स्वरूप और चैंबर के विजन की विस्तृत जानकारी दी। जिस पर मंत्री श्री चौधरी ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए तत्काल एनआरडीए के सीईओ सौरभ कुमार (आईएएस) को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। मुलाकात करने वालों में प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, आदि शामिल थे।

उद्योगों के लिए बनेंगे सख्त नियम, मंत्री ने कहा- सुरक्षा मानकों का हो पालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने बेमेतरा बारूद फैक्ट्री में ब्लास्ट की घटना को लेकर कहा, हर उद्योग की निरंतर जांच होनी चाहिए, ताकि दुर्घटनाएं रुके। इसके लिए सख्त नियम बनाने की जरूरत उन्होंने बताई है। उन्होंने कहा, आने वाले समय में जो भी नियम होंगे, उसका पालन कराया जाएगा, ताकि लोग सुरक्षित रहें। संवेदनशील उद्योगों में सुरक्षा मानकों का पूरी तरह से पालन हो इसे लेकर विभाग पूरी तरह से सजग है। बेमेतरा हादसे को लेकर उद्योग मंत्री ने कहा, कई जगह दुर्घटनाएं हो रही हैं। बहुत सारे अधिकार उद्योग विभाग के दायरे में

जल्द तैयार होगी नई उद्योग नीति

नयी उद्योग नीति को लेकर उद्योग मंत्री ने कहा, नई उद्योग नीति 2024-29 तैयार की जाएगी। अधिकारियों से कहा गया है, अन्य प्रदेशों की उद्योग नीति के संबंध में जानकारियों को नई नीति में शामिल करें, जो राज्य के हित में हो। आचार संहिता हटने के बाद इस पर काम शुरू होगा। अच्छी उद्योग नीति बने, ताकि बाहरी लोग भी छत्तीसगढ़ की नीति से प्रभावित हों और निवेश हो। बड़े उद्योग खुलेंगे, तो लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

नहीं हैं। कई जांच की मांग आई है, इसलिए मुख्यमंत्री से निवेदन किया है कि निरंतर हर उद्योगों की जांच हो, ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लगे। ऐसे मामलों के लिए कड़े नियम बनाने की वकालत की गई है। आने वाले समय में जो भी नियम होंगे, उसका पालन कराया जाएगा। उद्योगों में रोजगार के साथ साथ सेफ्टी भी जरूरी है। विभाग इसके लिए पूरा प्रयास कर रहा है। बेमेतरा की घटना को लेकर उद्योग मंत्री ने कहा, सभी उद्योगों की निरंतर जांच कराई जाएगी। बॉयलर्स और यहां पर सेफ्टी की जांच हो, इसके लिए पत्र लिखा है। सभी उद्योग की कड़ाई से जांच कराई जाएगी। कोई जनहानि न हो, इसके लिए विभाग पूरी तत्परता से काम करेगा।

महतारी वंदन के बाद महतारी सदन योजना, महिलाओं को गांव में ही मिलेगा रोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में महिलाओं को राजगार दिलाने के लिए विष्णु देव सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। महिलाओं को उनके गांव में ही कामकाज मिले, इसके लिए महतारी सदन बनाए जाएंगे।

योजना के तहक हर ब्लॉक में 10 महतारी सदन होंगे। महतारी सदन के जरिए महिलाओं को रोजगार मिलेगा। एक जानकारी के मुताबिक विभाग पहले 1400 से ज्यादा महतारी सदन बनाने का काम करेगा। आने वाले कुछ सालों में सभी ग्राम पंचायतों में सामुदायिक भवन भी बनाए जाएंगे। बताया जा रहा है कि विभाग ने महतारी सदन का डिजाइन भी तय कर लिया है। महतारी सदन को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, प्रदेशभर में महिलाओं की ओर से इस संबंध में मांग की जा रही थी। महतारी सदन महिलाओं के उठने, बैठने और एक साथ जमा होने की जगह होगी। महिलाएं अपनी जरूरतों के हिसाब से इसका इस्तेमाल कर सकेंगी। योजना के माध्यम से महिलाओं को सशक्त करने का प्रयास है।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा- प्रदेशभर से महिलाओं ने की थी मांग

कुछ ऐसा हो सकता है महतारी सदन

मिली जानकारी के मुताबिक, एक महतारी सदन करीब 120 वर्गमीटर में बनेगा। इसके लिए जिला पंचायत के अध्यक्ष और सदस्यों से भवन के लिए प्रस्ताव भी मंगाए गए हैं। सरकार महिलाओं को गांव में ही रोजगार देना चाहती है। माना जा रहा है कि महतारी सदन बनाने में प्रदेश की बड़े पंचायतों को प्राथमिकता दी जाएगी। महतारी सदन में 2 कमरे व्यावसायिक उपयोग के लिए हो सकते हैं। एक हॉल होगा, जहां महिलाएं काम कर सकेंगी। यहां एक स्टोर रूम और किचन भी बनाया जाएगा। पानी के लिए ट्यूबवेल, सुरक्षा के लिए बाउंड्री वॉल भी बनाया जाएगा।

कांग्रेस ने साधा निशाना

महतारी सदन और रीपा को लेकर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेन्द साहू ने कहा, सरकार नाम बदलकर, थोड़ा कलेवर बदलकर योजनाएं ला रही है। गोठान बंद करने की क्या जरूरत थी? रीपा की योजना बंद करने की क्या जरूरत थी? यह सिर्फ नाम बदलने का काम कर रही है।

खबर संक्षेप

सर्व ब्राह्मण समाज ने बांटा सकोरा और दाना

रायपुर। सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा तथा महिला मंच पदाधिकारियों ने सुंदरनगर मैत्री नगर में गुरुवार को सकोरा और दाने का वितरण किया। इस अवसर पर सुंदरनगर मैत्री नगर, डगनिया क्षेत्र के रहवासियों के घरों तक जाकर सकोरे और दाने का वितरण किया। इस दौरान महिला मंच के शहर व विप्रनगर क्षेत्र की पदाधिकारी कविता शर्मा, सोनिया शर्मा, ममता पांडे, श्रद्धा उपाध्याय, ज्योति त्रिपाठी, रश्मि दीवान, पूजा चौबे तथा रंजना तिवारी आदि उपस्थित रहीं।

धीवर समाज के 201 विद्यार्थियों का होगा सम्मान

रायपुर। छत्तीसगढ़ धीवर समाज युवा प्रकोष्ठ एवं आईटी टीम के संयुक्त तत्वावधान में समाज के 9वीं से 12वीं के विद्यार्थी, जिनका नाम 2024 के प्रावीण्य सूची में है, इसके अलावा ऐसे विद्यार्थी, जो खेलकूद एवं गीत-संगीत के क्षेत्र में जिला या राज्य स्तर में अपने बेहतर प्रदर्शन से समाज को गौरवान्वित किए हैं, ऐसे 201 विद्यार्थियों का सम्मान करेंगे। साथ ही 10वीं एवं 12वीं के छात्र के लिए कैरियर काउंसिलिंग 2 जून को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक रायपुर के सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में की जाएगी। यह जानकारी संस्था के सचिव लक्की रिगरी ने देते हुए बताया कि आईटी टीम यह कार्यक्रम विगत 7 वर्षों से करती आ रही है।

शिवसेना यूबीटी ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

रायपुर। शिवसेना उद्धव बाला साहेब ठाकरे द्वारा प्रदेश की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर एचएन सिंह पालीवार, संजय नाग, संतोष मार्कण्डेय, बल्लू जांगड़े, आनंद तिवारी, मोहित सिन्हा, संजय हालदार, राजू ठाकुर, बिट्टू यादव, लक्ष्मी कश्यप, यशराज ठाकुर और राजेंद्र निर्मलकर समेत अनेक शिवसैनिक शामिल रहे।

विशाल रक्तदान, निःशुल्क स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण का आयोजन 2 को

सरायपाली। श्री अग्र शिरोमणि संस्था सरायपाली, फुलझर डिफेंस एकेडमी व सरस्वती शिशु मंदिर बालसी के संयुक्त तत्वावधान में विशाल रक्तदान, निःशुल्क स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण का आयोजन 02 जून को होगा। बिलासा ब्लड सेंटर, एएसजी हॉस्पिटल, अग्रवाल नर्सिंग होम बसना एवं होरिजन हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित यह शिविर अग्रसेन चौक एवं अग्रवाल धर्मशाला सरायपाली में संचालित होगा।

स्मारक के मेंटनेंस के लिए दी सहयोग राशि

महासमुंद। धमतरी के लिलेश कुमार साहू अपने दोस्तों के साथ खरोरा के शहीद स्मारक पहुंचे। जहां उन्होंने सैनिक परिवारों से मुलाकात की। पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर ने लिलेश को गुलदस्ता भेंटकर किया गया। पूर्व सैनिक कन्हैया लाल सोनी ने बताया कि शहीद स्मारक के मेंटनेंस के लिए सहयोग राशि प्रदान किया गया। लिलेश कुमार साहू ने कहा कि ग्राम खरोरा में शहीद स्मारक पूर्व सैनिक संगठन और महासमुंद जिला के लोगों के सहयोग से बनवाया गया, जो सराहनीय है।

पद्मश्री पुरस्कार का प्रस्ताव 30 तक भेजने के निर्देश

महासमुंद। भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशानुसार वर्ष 2025 में पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्मश्री पुरस्कार प्रदान के लिए नामांकन प्रस्ताव के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी जिला स्तरीय कार्यालय प्रमुख, अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र जारी कर निर्देश दिए गए है। जारी निर्देश में उक्त पुरस्कारों के लिए निर्धारित पात्रता एवं मापदंड के अनुरूप योग्य/पात्र व्यक्तियों के ऑनलाइन प्रस्ताव 30 अगस्त 2024 तक जिला कार्यालय में प्रेषित करने कहा है।

लापरवाही : नशे की गिरफ्त में आ रहे युवा वर्ग व छात्र-छात्राएं

शहर व ग्रामीण क्षेत्र में खुलेआम बिक रहा प्रतिबंधित जर्दा गुटखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में तम्बाकू अधिनियमों का खुले आम माखौल उड़ाया जा रहा है। शहरा सहित क्षेत्र में तम्बाकूयुक्त गुटखा, पाउच बेखौफ बेचा जा रहा है। विभागीय टीम इस ओर कार्रवाई करने के बजाए मूकबधिर होकर बैठा है। आज तक इस ओर किसी प्रकार की बड़ी कार्यवाही नहीं हुई है। शहर से लेकर गांव तक तम्बाकू उत्पाद मीठा जहर जर्दा गुटखा हर जगह मिल रहा है।

जिसके चलते स्कूली छात्र छात्राएं सहित युवा वर्ग को जर्दा गुटखा की लत लग गई है, जिसे कही पर भी खाते आसानी से देखा जा सकता है। गुटखा खाते कई बार छोटे विद्यार्थी को भी स्कूल के शिक्षक भी देख चुके हैं, उस दौरान शिक्षक के डर वे गुटखा को तो फेंक देते हैं, लेकिन बाद में फिर से गुटखा लेकर खाते देखें जा सकते हैं। गुटखा का सबसे ज्यादा प्रभाव छोटे-छोटे बच्चों पर पड़ रहा है। यह जर्दा युक्त गुटखा शहर सहित गांव में आसानी से मिल जाता है और यह गुटखा किसी को भी आसानी से उपलब्ध होने के कारण वे इस नशा के लत में लग जाते हे।

जानकारी के अनुसार इस ओर शासन प्रशासन को कोटपा एक्ट के तहत शहार व ग्रामीण क्षेत्र के दुकानदारों पर तम्बाकू युक्त बोर्ड नहीं लगाने के नाम पर कार्यवाही नहीं कर रहे मात्र खानापूर्ति करते हुए पैसा वसूला जाता है, लेकिन उसके बाद औषधि शासन प्रशासन व विभागीय अधिकारी कार्यवाही शांत हो गए है। विभागीय टीम लगातार कार्यवाही करती है, तो शहर सहित ग्रामीण इलाको में कई ऐसे दुकान है, जहां पर भारी मात्र में गुटखा का स्टाक उपलब्ध है। वहीं कई लोग अवैध रूप से गुटखा बिक्री करते मिल सकते हैं। इन दिनों युवा वर्ग का फैशन गुटखा व सिगरेट बना है। युवा वर्ग बड़े आराम से सार्वजनिक स्थानों पर भी आराम से धुआ उड़ाते देखा जा सकता है।

तम्बाकू का नशा धीरे-धीरे बढ़ता ही जा रहा है। खासतौर पर स्कूल, कॉलेज के पास पान ठेला में आराम से उपलब्ध होने के कारण युवा वर्ग इसके गिरफ्त में आ रहे हैं।

अक्सर देखा जा रहा है कि शहर सहित गांव गांव में सिगरेट, गुटखा व अन्य तम्बाकू उत्पाद मिलने के कारण इसकी लत स्कूली विद्यार्थी के साथ युवा वर्ग में आ रहा है। युवा अब शहर व ग्रामीण अंचलों में सिगरेट का धुंआ उड़ाना अपनी शान समझते हैं। इसके अलावा तम्बाकू युक्त गुटखा को बिना देखे पाउच को फाड़कर सीधे मुंह में डाल लेते हैं। युवा वर्ग तो इसे फैशन मानते हैं, उन्हें लगता है कि फिल्मी स्टाइल में सिगरेट पीने से वह अधिक स्मार्ट दिखते हैं, लेकिन यह केवल उनकी गलतफहमी है और कुछ नहीं। ऐसे में युवा अपनी सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं।

क्या है धुम्रपान एवं तम्बाकू उत्पाद अधिनियम

तम्बाकू नियंत्रण को लेकर साल 2003 में काटपा एक्ट संसद में पास हुआ। 2008 में तम्बाकू उत्पादों, गुटखा बिक्री पर रोक लगाने का फैसला लिया गया। उसके बाद 2012-2013 में गुटखा बिक्री पर रोक लगायी गई थी। तम्बाकू अधिनियम को केवल मजाक बनाया जा रहा है। जिम्मेदार अधिकारियों को लापरवाही के चलते प्रतिबंधित तम्बाकू उत्पादों की बिक्री और सेवन पर रोक नहीं लग सकी है।

नगर में तम्बाकू निषेध पर निकला जुलूस

शुक्रवार को जिले में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा नशामुक्त भारत अभियान के तहत हेतु जुलूस का आयोजन किया गया, जिसमें सभी वर्ग के लोगों को तम्बाकू के साथ किसी भी प्रकार के नशे के सेवन नहीं करने हेतु जागरूता फैलाया गया। गौरतलब है कि युवा वर्ग में तम्बाकू, शराब के सेवन से बड़ी संख्या में स्वास्थ्य सबंधी खतरे बढ़ रहे हैं, जिससे लीवर में सूजन, लीवर की कोशिकाएं टूटने, लीवर सिरोसिस, तिल्ली बढ़ जाना साथ ही कैंसर जैसे बड़ी बीमारिया शामिल है।

छत्तीसगढ़ से होकर गुजरने वाली आधा दर्जन से ज्यादा ट्रेनें घंटों लेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सूरज की तेज तपन ने लोगों को जहां बेहाल किया हुआ है, वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ से होकर गुजरने वाली गुजरात, हावड़ा व मुंबई रूट की कई ट्रेनें घंटों विलंब से चल रही हैं। इसके कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पुरी से उधना सूरत गुजरात के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन सबसे ज्यादा 26 घंटे लेट है। यह ट्रेन पुरी से सुबह छूटकर उसी दिन शाम 6.55 मिनट पर रायपुर स्टेशन पहुंचती है, पर विलंब के कारण यह ट्रेन समय से 24 घंटे पीछे चल रही है। इसके कारण इस ट्रेन के दूसरे दिन शाम 6 बजे तक रायपुर पहुंचने की संभावना है। इसके अलावा हावड़ा-अहमदाबाद, पुणे-हावड़ा, हावड़ा-पुणे, हावड़ा-पुणे-दुरंतो भी 14 घंटे से लेकर 20 घंटे तक लेट है। ये ट्रेनें भी 10 से 16 घंटे विलंब से पहुंचेंगी। देश में ट्रेनों की स्पीड बढ़ाने कई रेल मंडलों में तीसरी और चौथी रेल लाइन का निर्माण कार्य चल रहा है। इसका असर कई रूट की ट्रेनों पर भी पड़ रहा है। कई ट्रेनों को तो परिवर्तित मार्ग से होकर भी चलाया जा रहा है। इसके कारण कई ट्रेनें या तो घंटों विलंब से चल रही हैं या फिर उन्हें रद्द किया जा रहा है। तीसरी और चौथी लाइन निर्माण का सबसे ज्यादा असर लंबी दूरी की ट्रेनों पर पड़ रहा है, जिसके कारण यात्रियों की परेशानी भी बढ़ी हुई है। ट्रेनों की लेटलतीफी और रद्द किए जाने के कारण कई यात्रियों ने ट्रेन से सफर करना ही कम कर दिया है।

कैंसिल करा रहे टिकट

ट्रेनों के घंटों विलंब से चलने के कारण कई यात्रियों को अपनी यात्रा स्थगित कर रिजर्वेसन कैंसिल कराना पड़ रहा है। 15 घंटे से लेकर 26 घंटे तक विलंब से चल रही पुरी-गुजरात, हावड़ा और मुंबई की ट्रेनों में सफर करने के लिए छत्तीसगढ़ के रायपुर, दुर्ग सहित कई स्टेशनों से यात्रियों ने रिजर्वेसन कराया है। इनमें से कई यात्रियों ने टिकट भी कैंसिल कराया है। हालांकि प्रदेश से कुल कितने यात्रियों ने अब तक अपनी टिकट कैंसिल कराया है, इसकी जानकारी रेलवे के अधिकारी भी नहीं दे पा रहे हैं।

रूफ टॉप गार्डन के पौधों की जड़ों से दीवार में सीपेज, वाटर प्रूफिंग कराने छत खाली कराई

- जोन 2 कमिश्नरी करा रहा वाटर प्रूफिंग
- शहीद स्मारक भवन में पूर्व की तरह खुली रहेगी छत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम के जीई रोड स्थित शहीद स्मारक भवन की छत पर रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा बनवाये गये रूफ टॉप गार्डन को नगर निगम जोन 2 कमिश्नरी के निर्देश पर उजाड़ा जा रहा है। जोन कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे का कहना है, छत पर लगाये गये पौधों की जड़ें नीचे तक पहुंचने से दीवार में सीपेज की समस्या शुरू हो गई है। इसीलिए छत पर लगाये गये टाइल्स और पेवर को उखाड़कर नए सिरे से वाटर प्रूफिंग कराने की नौबत आई। अब शहीद स्मारक की छत पहले की तरह पूरी तरह से खुली रहेगी। दरअसल, शहर के ऐतिहासिक शहीद स्मारक भवन की छत पर रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा विकिसत किये गये रूफ टॉप गार्डन को उजाड़ने के साथ ही वहां लगाये गये पौधों को काटने, पेवर व टाइल्स को उखाड़ने को लेकर जब इस संबंध में रायपुर स्मार्ट सिटी के अधिकारियों से पूछा गया, तो उनका कहना था स्मार्ट सिटी यह काम नहीं करा रहा है। महापौर और निगम सभापति ने भी इस संबंध में अनभिज्ञता जाहिर की। गुरुवार को जब जोन 2 कमिश्नरी से इस बाबत चर्चा की, तो जोन कमिश्नर ने बताया कि शहीद स्मारक भवन की छत पर रायपुर स्मार्ट सिटी ने जो रूफ टॉप गार्डन बनवाया था, उसमें लगाये गये पौधों की जड़ें गहराई तक जाकर दीवार में सीपेज की वजह बनी। इससे सभागार की दीवार भी बदरंग होने लगी। इस समस्या को दूर करने छत पर लगे टाइल्स और पेवर को उखाड़कर वाटर प्रूफिंग कराई जा रही है। वहां कोई नया निर्माण नहीं कराया जा रहा है। वहां रूफ टॉप गार्डन के रूप में लगाये गये पौधों को हटाकर छत को पहले की तरह खुला रखा जायेगा।

धीवर समाज के 201 विद्यार्थियों का होगा सम्मान

रायपुर। छत्तीसगढ़ धीवर समाज युवा प्रकोष्ठ एवं आईटी टीम के संयुक्त तत्वावधान में समाज के 9वीं से 12वीं के विद्यार्थी, जिनका नाम 2024 के प्रावीण्य सूची में है, इसके अलावा ऐसे विद्यार्थी, जो खेलकूद एवं गीत-संगीत के क्षेत्र में जिला या राज्य स्तर में अपने बेहतर प्रदर्शन से समाज को गौरवान्वित किए हैं, ऐसे 201 विद्यार्थियों का सम्मान करेंगे। साथ ही 10वीं एवं 12वीं के छात्र के लिए कैरियर काउंसिलिंग 2 जून को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक रायपुर के सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में की जाएगी। यह जानकारी संस्था के सचिव लक्की रिगरी ने देते हुए बताया कि आईटी टीम यह कार्यक्रम विगत 7 वर्षों से करती आ रही है।

115 अनाधिकृत बोर्ड गैस कटर से काटकर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर के व्यावसायिक मार्गों पर स्थित दुकानों के सामने अनाधिकृत रूप से लगे विज्ञापन बोर्ड को निगम ने गैस कटर से काटा। इनके कारण वाहनों की पार्किंग में असुविधा होने के साथ ही ट्रैफिक जाम की समस्या से आम जनता को जूझना पड़ रहा था। निगम अमले ने गुरुवार को अभियान चलाकर 115 अनाधिकृत विज्ञापन बोर्ड को गैस कटर से काटकर जब्त किया। राजधानी के रिंग रोड से लेकर कटोरा तालाब, जीई रोड से लेकर गोल चौक होते हुए रिंग रोड जाने वाले मार्ग पर निगम अमले ने अनाधिकृत विज्ञापन बोर्ड हटाने अभियान चलाया। इस दौरान दुकानों के बाहर फुटपाथ पर अधिक संख्या में लोहे के फ्रेम से बने निगम से बिना अनुमति लिये लगाये बोर्ड को हटाने की कार्रवाई की। नगर निगम जोन 4, 5,10 और निगम मुख्यालय के उड़नदस्ते ने संयुक्त रूप से यातायात बाधित कर रहे दुकानों के सामने लगे अनाधिकृत विज्ञापन बोर्ड को जब्त कर संबंधित जोन कार्यालयों में रखा। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने शहर के सभी व्यावसायिक मार्गों पर पार्किंग व यातायात व्यवस्था को बाधित कर रहे दुकानों के सामने लगाये गये अनाधिकृत विज्ञापन बोर्ड और दुकान के बाहर सामान रखने वाले दुकानदारों के खिलाफ निरंतर कार्रवाई करने के निर्देश सभी जोन कमिश्नरों को दिये हैं।

चौकीदार की हत्या के आरोप में पत्नी तथा तीन नाबालिग सहित पांच गिरफ्तार, बदले बयान तो धरे गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आमानाका थाना क्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व ट्रांसपोर्ट के चौकीदार की अंधे कत्ल की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। चौकीदार की हत्या के आरोप में पुलिस ने मृतक की पत्नी, नाबालिग बेटा, मृतक की साली का बेटा तथा भिलाई के दो नाबालिगों को गिरफ्तार किया है। हत्या की वजह मृतक द्वारा अपनी साली के बेटा के साथ मारपीट करने सहित अपनी पत्नी तथा साली के चरित्र को लेकर गलत अफवाह फैलाना है।

पुलिस के मुताबिक कल्याण यादव उर्फ लल्लू की हत्या के आरोप में उसकी पत्नी रोहणी यादव, साली का बेटा आदित्य यादव, मृतक का नाबालिग बेटा तथा भिलाई के दो नाबालिगों को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। कल्याण यादव की लाश आमानका के जेपी गार्डन के नाले में 24 मई को मिली थी। मृतक के शरीर पर तथा सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले थे। पुलिस ने मामले की पड़ताल करते हुए कल्याण की पत्नी तथा परिजनों से पूछताछ की, तो उन लोगों ने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। इसके बाद संदेहियों से अलग-अलग बयान लेने पर विरोधाभाष सामने आया। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों से सख्ती से पूछताछ की, तो मृतक की पत्नी ने हत्या की बात कबूल की।

- हत्या करने भिलाई के दो नाबालिगों को 50 हजार रुपए की दी थी सुपारी

50 हजार रुपए में दी हत्या की सुपारी

पुलिस के अनुसार आदित्य भिलाई खुर्सीपार में रहता है। उसने अपनी बड़ी मां रोहिणी को उसके पति की हत्या करने भिलाई के दो लड़कों को 50 हजार रुपए देकर हत्या कराने की जानकारी दी। इसके बाद घटना दिनांक को कल्याण को उसका नाबालिग बेटा आमानका ब्रिज पर लेकर आया। कल्याण के ब्रिज पर आते ही हत्या की ताक में बैठे नाबालिगों ने कल्याण के सिर पर पत्थर तथा चाकू से हमला कर मौत के घाट उतार दिया और लाश नाले में फेंक दी।

मारपीट, चरित्र संदेह हत्या की वजह : मामले की पड़ताल के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि पति से विवाद होने की वजह से रोहणी अपने पति से अलग रहती है। साथ ही पुलिस को जानकारी मिली कि घटना के एक सप्ताह पूर्व कल्याण का अपनी साली के बेटे के साथ विवाद हुआ था। विवाद के कारण कल्याण ने अपनी साली के बेटे के साथ मारपीट की थी। इसके बाद रोहणी तथा मृतक की साली का बेटा अदित्य ने कल्याण की हत्या करने प्लानिंग की। हत्या की प्लानिंग में रोहणी ने अपने नाबालिग बेटे को भी शामिल कर लिया।

पेज 9 के शेष

नहीं पकड़ाये तोड़फोड...

बजरंग दल ने आंदोलन किया : एसडीओपीः एसडीओपी भाटापारा निधि नाग ने बताया विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल उनके अन्य साथियों द्वारा यहां थाने के सामने हनुमान चालीसा पाठ किया और जो है विवेचना के संबंध में आरोपियों के गिरफ्तारी के संबंध में जानना चाह रहे थे। घटना के बाद एफआईआर तुरंत हो गई थ, विवेचना तेजी से हो रही। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

धार्मिक स्थलों में ...

प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर ईश्वर प्रसाद निषाद, उपाध्यक्ष मनोहर वर्मा, भाटापारा विधानसभा अध्यक्ष सुरज कारिया, सचिव अनिल मसीह, बलौदाबाजार विधानसभा उपाध्यक्ष दिलीप चतुर्वेदी, भाटापारा नगर अध्यक्ष रामू यादव, युवा सेना अरुण सांवरा, सागर मसीह कौशल, संजु मानिकपुरी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

अवैध कॉलोनी निर्माण...

से हुई कुल 12 रजिष्ट्रीयों के नामांतरण पर रोक लगाते हुए इन मामलों की न्यायालय स्तर पर जांच प्रारंभ कर दी गई है। इससे छोटे भू-खंड बनाकर प्लाटिंग करने वालों पर लगाम लगेगी तथा आम खरीददारों को भी ऐसे भूखंडों को खरीदने से पहले मुलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी मिलेगी।

Health Town
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

खबर संक्षेप

सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ क्या कार्रवाई हुई, मांगा हिसाब

रायपुर। छत्तीसगढ़ में दो साल से प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अब तक क्या कार्रवाई की गई है? यह हिसाब केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने मांगा है। इस संबंध में राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों, सभी नगर निगम आयुक्त, सभी नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को पत्र भेजा है।भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने दो साल पहले 1 जून 2022 को सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादों के निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, विक्रय, एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगाया था। प्रतिबंध के दायरे में प्लास्टिक स्टिक युक्त ईयर बड्स, गुब्बारों में उपयोग होने वाली प्लास्टिक की डंडिया, प्लास्टिक के झंडे, कैंडी स्टिक, आइसक्रीम की डंडिया, थर्मोकोल की सजावटी सामग्री, प्लास्टिक की प्टेल, कप, गिलास, कांटे, चम्मच, चाकू, स्ट्रा, कटलरी आयटम्स, मिठाई के डिब्बे, निमंत्रण पत्र एवं सिगरेट के पैकेट पर लपेटने या पैक करने में इस्तेमाल की जाने वाली फिल्म, 100 माइक्रॉन से कम वाली प्रतिबंधित है।

दुर्घटना में घायल युवक की मौत

महासमुंद। एक्सीडेंट के चलते इलाज के लिए भर्ती युवक की शासकीय अस्पताल बागबाहरा में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मुरारी कुमार पिता राजेंद्र लोनिया (24 साल) निवासी भीखमपुरा थाना नरहर जिला नाबाहदा बिहार को एक्सीडेंट के बाद बागबाहरा अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मुरूम को लेकर हुआ विवाद सरपंच से मारपीट

महासमुंद। ग्राम परसदा(ब) के शमशान घाट रोड निर्माण कार्य के दौरान मुरूम ले जाने से मना करते हुए एक व्यक्ति ने गांव के सरपंच के साथ विवाद करते हुए मारपीट कर दी। घटना की रिपोर्ट सिटी कोतवाली में दर्ज कराई गई है। परसदा सरपंच व प्रार्थी वीरेंद्र कुमार चंद्राकर पिता शत्रुघनलाल चंद्राकर ने पुलिस को बताया कि ग्राम परसदा के शमशान घाट रोड निर्माण का काम चल रहा है, जिसमें छोटे डबरी से ट्रैक्टर के जरिए मुरूम लाया जा रहा था। लेकिन, गांव का चंपेश्वर उर्फ छोटू विश्वकर्मा मुरूम ले जाने नहीं दे रहा था। साथ ही ट्रैक्टर ड्राइवर से कह रहा था कि ग्राम सरपंच को बुलाओ, तब तुम लोग मुरूम ले जा सकते हो, नहीं तो मैं मुरूम नहीं ले जाने दूंगा। जिस पर ट्रैक्टर ड्राइवर ने मुझे फोन कर पूरी बात बताई, इसके बाद मैं देर रात करीबन 11.30 बजे पहुंचा और पूछा कि कौन काम को मना किया है, इस पर आरोपी चंपेश्वर उर्फ छोटू विश्वकर्मा ने कहा कि मैं मना किया हूं और आवेश में आकर मुझसे गाली गलौज करते हुए हाथ में रखे किसी चौड़ी पट्टी जैसी धारदार वस्तु से मुझे मारने लगा।

निधन

अशोक ताम्हने

रायपुर। भाटापारा निवासी अशोक ताम्हने (70) का निधन शुक्रवार की सुबह हो गया। उनका अंतिम संस्कार भाटापारा में किया गया।

गजेंद्र कश्यप

पलारी। ग्राम गाड़ाभाठा के पूर्व सरपंच गजेंद्र कश्यप 70 साल का शुक्रवार को निधन हो गया। श्री कश्यप ग्राम पंचायत गाड़ाभाठा का दो बार सरपंच रहे और एक बार सरपंच प्रतिनिधि के रूप में पंचायत का संचालन किया था। उनका अंतिम संस्कार गांव के स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें परिजनों सहित ग्रामीण भारी सख्यां में शामिल हुए। वे जितेंद्र और दीपक के पिता, दानेश्वर, खोड़स राम, कृष्ण कुमार एवं उमाशंकर कश्यप के बड़े भाई, झालेंद्र,आदित्य निक्की इशांत के बड़े पिताजी थे।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस : कलेक्टर ने तंबाकू सेवन नहीं करने की दिलायी शपथ

तंबाकू है जानलेवा, इसके सेवन से होती है अनेक बीमारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार/सरसीवा

कलेक्टर के निर्देश तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अवधेश पाणिग्राही के मार्गदर्शन में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। जिला स्तर का मुख्य कार्यक्रम कलेक्टोरेट सारंगढ़ में आयोजित किया गया, जहां कलेक्टर द्वारा तंबाकू एवं इसके अन्य उत्पादों के सेवन नहीं करने एवं लोगों को इसके प्रति जागरूक करने की शपथ लेने एवं शपथ पत्र में हस्ताक्षर करने के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा शपथ ली गई एवं शपथ पत्र में हस्ताक्षर कराया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अवधेश पाणिग्राही ने बताया कि समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में तंबाकू मुक्त शपथकर्ताओं के लिए सेल्फी जोन स्थापित किया गया है, जहां लोगों ने तंबाकू सेवन नहीं करने के सामूहिक शपथ लेने के बाद सेल्फियां ली। जिलेभर में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों के द्वारा यह विश्व तंबाकू निषेध दिवस तंबाकू उद्योग के दखलंदाजी से बच्चों की सुरक्षा थीम के साथ मनाते हुए लोगों को तंबाकू एवं अन्य तंबाकू उत्पाद के सेवन से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया गया। वहीं तंबाकू एवं तंबाकू उत्पाद बिक्रीकर्ता प्रतिष्ठानों के संचालकों को खुले में बिक्री तथा इसके सार्वजनिक रूप से विज्ञापन नहीं करने, 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को इसके क्रय–विक्रय से दूर रखने की समझाइश देते हुए, नियम उल्लंघन किए जाने पर विभिन्न धाराओं के तहत की जाने वाली कार्यवाही से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में डॉ. आर एल सिदार बी एमओ सारंगढ़, डॉ. इंदु सोनवानी जिला नोडल अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक नंदलाल इजारदार, जिला लेखा प्रबंधक मनोज साहू, जगमोहन केरकेट्टा, जिला शिक्षा अधिकारी एसएन भगत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सारंगढ़ राजेश पांडेय सहित जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, नगरीय निकाय एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

तंबाकू के प्रति लोगों में बढ़ाई गई जागरुता

हिरमी-रावन। अंचल के आश्रित ग्राम पंचायत भोथाडिह में ग्रामीणों को विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर तंबाकू से होने वाली विभिन्न बीमारियों के बारे में जागरूक करते हुए बुजुर्ग लोगों के स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बीपी, शुगर, के साथ साथ अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्यायों की जांच कर उचित दवाई प्रदान करते हुए परामर्श दिया गया। वहीं गर्मी में होने वाली विभिन्न बीमारियों जैसे की उल्टी-दस्त, डेंगू, लू आदि बीमारी से बचने के उपाय बताये गये। किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर मितानिन और ग्रामीण स्वास्थ संयोजक को तत्काल जानकारी देने कहा गया। शिविर में स्वास्थ विभाग से विजय कुमार साहू, सरिता रानी वर्मा, मालती साहू, मीना साहू, उषा साहू मितानिन का विशेष सहयोग रहा।

छात्रों ने चलाया अभियान लोगों को किया जागरूक

- भरत देवांगन स्कूल में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मना

खरोरा। भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा में 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। इसे मनाने का खास उद्देश्य तंबाकू से होने वाले नुकसान को लेकर लोगों को जागरूक करना है। तंबाकू छोड़ने और कभी नहीं हाथ लगाने को लेकर शपथ भी दिलाई गई। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के तंबाकू निषेध संबंधी पोस्टर, गीत–भाषण एवं नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया की धुम्रपान करने से मानसिक स्वास्थ्य के साथ ही शारीरिक सेहत पर भी नकारात्मक असर पड़ता हैं। धूम्रपान व तंबाकू के नकारात्मक प्रभाव को जानते हुए भी दुनियाभर में बड़ी संख्या में लोग किसी न किसी रुप से तंबाकू का सेवक करते हैं, जैसे बीड़ी, सिगरेट, और गुटखा आदि के सेवन के कई तरह की बीमारियों होने का खतरा बढ़ा रहता है, उसे नुक्कड़ के माध्यम से प्रदर्शन किया। धूम्रपान करने से धमनियों कमजोर होने लगती है और कोरोनरी हार्ट डिजीज और स्ट्रोक हो सकता है। साथ ही साथ तंबाकू का उपयोग से कैंसर या फेफड़े की बीमारी हो सकती हैं।

उपप्राचार्य हरीश देवांगन द्वारा छात्र–छात्राओं को तंबाकू के सेवन को रोकने और इससे होने वाली समस्याओं से अवगत कराया। छात्रा पूर्वा वर्मा 12वीं, किरण यादव 9वीं, फुलेश्वरी पाल 9वीं एवं खुशी गौतम 12वीं द्वारा तंबाकू निषेध पर पोस्टर के माध्यम से जागरूकता पोस्टर तैयार किया गया था। नुक्कड़ नाटक में तन्नू धीवर, पूर्वा वर्मा, डागेश्वरी साहू, लक्की वर्मा, आदित्य कुमार एवं मयंक भट्ट भाग लेकर धूम्रपान निषेध संबंधी प्रदर्शनी नाटक प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में सभी शिक्षक उपस्थित थे।

सड़क कांक्रीटीकरण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी-रावन

अल्ट्राटेक हिरमी सीमेंट संयंत्र ने कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत ग्राम हिरमी में 200 मीटर सड़क बनाने भूमि पूजन किया। यह सड़क ग्राम के गायत्री मंदिर के सामने वाले गली से ग्राम के तालाब तक जाएगी, जिससे दैनिक आवागमन करने वाले ग्रामीणों की सुविधा होगी।

इसके साथ–साथ इस मोहल्ले से आने वाले स्कूली बच्चों एवं व्यवसाय करने वालों को भी गंदगी एवं कीचड़ से निजात मिलेगी। इसके साथ बरसात के मौसम में होने वाली परेशानियों से भी वार्डवासियों को मुक्ति मिलेगी। इससे पहले पंचायत के अनुरोध पर विचार करते हुए अल्ट्राटेक सीमेंट सीमेंट प्रबंधन ने इस सड़क को बनवाने पहल की जिससे न केवल आवागमन में सुविधा मिलेगी, बल्कि गांव के आधारभूत संरचनाओं को भी मजबूती मिलेगी, जिससे ग्राम स्वच्छ और विकसित बनाने की राह पर आगे बढ़ेगा। ग्राम के सरपंच मनसुख लाल जायसवाल ने इस कार्य के शुभारंभ के होने पर संयंत्र के प्रति आभार ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर आगे में भी इस प्रकार के विकास कार्य ग्राम में होते रहेंगे। इस अवसर पर सरपंच मनसुख लाल जायसवाल, संयंत्र की ओर से प्रशासनिक विभाग के प्रमुख रंजीत सिंह नैनवाल एवं ग्रामीण विकास से वैभव त्रिपाठी एवं आशुतोष खरे उपस्थित थे।

अरेकेल में दो पक्षों के बीच मारपीट

महासमुंद। ग्राम अरेकेल में गाड़ी के कांच टूटने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हुई है। मामले को लेकर दो पक्षों ने अलग-अलग रिपोर्ट बसना थाने में दर्ज कराई है। गुंजा चौहान पिता होरीलाल चौहान ने बताया कि 30 मई की शाम करीब 4.30 बजे आरोपी हेमंत तांडी और कौशल तांडी के बच्चों द्वारा खेलते- खेलते पत्थर फेंक देने से मेरे मामा कैलाश के मारूति वैन का कांच टूट गया, जिसके चलते मेरी मां बच्चों को पत्थर फेंकने से मना कर समझा रही थी, उसी समय हेमंत तांडी एवं कौशल तांडी बच्चों को क्यों डांट रहे हो कहकर विवाद करते हुए गाली गलौज करने लगे, जब मेरी मां कमला बाई चौहान ने गाली गलौज करने से मना किया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। इस मारपीट को देख मैं बीच-बचाव करने गई तो मेरे साथ भी गाली गलौज कर मारपीट किए। मेरे गले को हेमंत ने पकड़ लिया और बांये हाथ को मरोड़ दिया जिससे मेरे हाथ एवं गले में चोट आई तथा मां कमला बाई के पीठ, कान के पास चोट आई है।

सात दिवसीय समर कैंप का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

शासकीय प्राथमिक शाला लवनबन में सात दिवसीय समर कैम्प का समापन गुरूवार को संपन्न हुआ। कैंप के दौरान बच्चों ने नृत्य संगीत के साथ पेंटिंग व कबाड़ से जुगाड़ माध्यम से अनुपयोगी वस्तुओं को उपयोगी बनाने का तरीका भी सीखा। विगत 24 मई से 30 मई तक नौनिहाल बच्चों ने नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत अनेक भाषाई गतिविधि एवं गणितीय गतिविधियों को मनोरंजनात्मक तरीके से सीखा, समस्त तैयार सामग्रियों की प्रदर्शनी लगा, ग्राम पंचायत लवनबन के सरपंच पुनाराम साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की अध्यक्ष दयामति फेकर, समस्त पंचगण तथा ग्राम के गणमान्यजन विशेष रूप से उपस्थित होकर बच्चों की रचनात्मक गतिविधियों की सराहना करते हुए फूले नहीं समाए। अंत में विभिन्न बच्चों ने समर कैंप के आयोजन पर अपना वक्तव्य भी संप्रेषित किया तथा उक्त गतिविधि के लिए विद्यालय एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन को धन्यवाद दिया। बच्चों के चेहरें में छाये उमंग उत्साह को देख संस्था प्रमुख टिकेश्वरी पटेल एवं महेश्वरी वर्मा भी खुशी से भाव विभोर हो गई। प्रधान पाठक टिकेश्वरी पटेल ने अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सक्रिय कार्यकर्ता प्रकाश जी एवं सुश्री टीना को निःस्वार्थ भाव से बच्चों की रचनात्मकता को तराशने धन्यवाद ज्ञापित। संस्था के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके लिए प्रधानाचार्य ने उन्हें भी मंच से धन्यवाद आभार प्रणाम व्यक्त किया।

उमस भरी गर्मी से बच्चे हो रहे परेशान ...

भरूवाडीह। इस भीषण गर्मी में तापमान जहां 46 डिग्री सेल्सियस से बढ़कर देश के इतिहास में पहली बार 56 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि स्कूलों की छुट्टी के बाद शासन के आदेशानुसार बच्चों के प्रतिभा निखारने समर कैंप प्रारंभ किये गये थे, जिसे भारी गर्मी के कारण एक तरफ स्कूलों के समर कैंप भी बंद किये गये हैं, किंतु सेवा साहकार के रूप में बहुत ही कम मानदेय में सेवा देने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और ननिहाल बच्चों को इस भयानक गर्मी में छुट्टी नहीं देना, मानवीय व्यवहारों में संवेदनशील सदाचरण की पराकाष्ठा पर पक्षपातपूर्ण घोर उपेक्षा है।

समर कैंप से बच्चों की छुपी प्रतिभा निखरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला पौंसरी में गत दिवस समर कैंप का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों को मिट्टी से खिलौना बनाना, गेंहू आटा, मेहंदी, नृत्य, चित्रकारी, पेपरवर्क, लीफआर्ट, मुखौटा आदि कार्य शिक्षिका भारती वर्मा द्वारा सिखाया गया, जिसे बच्चें रुचिपूर्वक आनंदमयी तरीके से सीखे। प्रधानपाठक पुष्पलता नायक ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस समर कैंप का उद्देश्य बच्चों के मनोरंजन के साथ स्वस्थ वातावरण में उनकी छिपी हुई प्रतिभा को उभारना और उनमें आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है। समर कैंप को सफल बनाने शिक्षकों द्वारा प्रतिदिन नई-नई गतिविधियां कराई गई। उल्लेखनीय है कि समर कैंप में बच्चों के बीच कक्षा का कोई बंधन नहीं होता। वे एक साथ गतिविधियों को करते हैं और नई विधाओं को सीखते हैं। बच्चें सामूहिक प्रयास करते हैं और नई चीज सीखते हैं। इस प्रकार उनमें स्वतंत्रता की भावना विकसित होती है। वे नए दोस्त भी बनाते हैं और मेल जोड़ बढ़ाते हैं, जिससे उनके सामाजिक कौशल और आत्मविश्वास का विकास होता है। इस वर्ष गर्मी की छुट्टियों में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा समर कैंप का आयोजन किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने बच्चों में रचनात्मकता के लिए सकारात्मक व नवाचारी पहल की।

भागवत महापुराण का श्रवण करने पहुंचीं पूर्व विधायक शकुंतला

जहां भगवान की स्तुति होती है, वहां कृपा की होती है वर्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंडा

डोंगरा गांव में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन पूर्व संसदीय सचिव एवं कसडोल विधायक सुश्री शकुन्तला साहू श्रीमद भागवत कथा में शामिल हुईं। इस अवसर पर शकुन्तला साहू द्वारा मंच पर पहुंचकर श्रीमद्भागवत पुराण का पूजन की। उन्होंने श्रीमद भागवत पुराण पर पुष्प अर्पित करते हुए क्षेत्र की जनता एवं ग्रामवासियों की खुशहाली की कामना की एवं कथावाचक पं. गौरव जोशी को शाल श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने ग्रामवासियों के साथ बैठकर श्रीमद भागवत कथा श्रवण किया। कथावाचक महाराज ने सुदामा चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष की कथा सुनाई। इस अवसर पर शकुंतला साहू ने भी उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि जहां भी धर्म–कर्म के कार्य अथवा भगवान की स्तुति वंदना होती है उस जगह भगवान का आशीर्वाद जरूर प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि कथा सुनने से मन को शांति मिलती है। प्रत्येक गांव में कथा का आयोजन होना चाहिए। भजन– कीर्तन सत्संग को जो तन और मन लगाकर सुनते हैं, उनका पूरा जीवन बदल जाता है। कार्यक्रम के दौरान तेजराम वर्मा पूर्व सरपंच, लता अवधेलिया पूर्व सरपंच, शिव वर्मा उपसरपंच, धर्मेंद्र वर्मा राम वर्मा, दुर्गा दास मानिकपुरी, दयाराम वर्मा, महेंद्र वर्मा, प्रेमदास मानिकपुरी, संतोष कुमार वर्मा, फिरतू राम वर्मा, मनोज वर्मा, पुष्पेंद्र वर्मा, फत्ते सिंह वर्मा, फनेंद्र वर्मा, शांता बाई मानिकपुरी, कोटवार सरोजनी बाई, पूर्णिमा बाई, गोलू यादव, धनीराम, अवधेलिया, पंचराम वर्मा, बाबूलाल वर्मा, महामाया कीर्तन मंडली डोंगरा समस्त ग्रामवासी डोंगरा एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशिः-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411